# धारकुंडी में षोडशी महापर्व पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब


## परमहंस आश्रम में ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव की समाधि पूजा में भक्तों ने दिखाया उत्साह

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 फरवरी. परमहंस आश्रम धारकुंडी में मंगलवार को ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव स्वामी सच्चिदानंद महाराज की समाधि पूजा एवं षोडशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां हजारों भक्तों ने अपने पूज्य गुरुदेव के प्रति अटूट श्रद्धा व्यक्त की।**

इस महापर्व में भक्तों ने समाधि पर आस्था के पुष्प अर्पित किए और विशाल भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। आश्रम की पवित्र भूमि पर भक्ति का ऐसा रस बरसा कि हर तरफ जय गुरुदेव के कीर्तन की ध्वनि गूंज रही थी जो 7 फरवरी से निरंतर जारी है। धारकुंडी आश्रम जो अपने कड़े अनुशासन के लिए विख्यात है।





यहां पहली बार भक्तों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए प्रबंधन ने सुबह 8 बजे से ही भंडारे की पंगतें लगवा दीं जो देर रात तक अनवरत चलती रहीं। इस अनुपम व्यवस्था से भक्तों को किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने समाधि दर्शन कर अपने हृदय की भावनाएं अर्पित कीं और भंडारे के महाप्रसाद से तृप्त होकर गुरुदेव की कृपा का अनुभव किया। पुलिस प्रशासन के लिए इतनी विशाल भीड़ को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण था लेकिन विभिन्न स्थलों पर वाहन पार्किंगए प्रवेश और निकास की उत्कृष्ट व्यवस्था से सब कुछ सुचारू रूप से संपन्न हुआ। आयोजन की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं। परमहंस आश्रम के पूज्य संत रामामयण महराज वीरेंद्र महराज विजय बाबा भाऊ बाबा संजय बाबा राजकरण बाबा गंगा बाबा छोटे बाबा बद्री बाबा कमलेंद्र महराज और श्रीराम बाबा सहित समस्त संत एवं सेवकगण सेवा में तत्पर रहे। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के थानों का पुलिस बल भी तैनात रहा जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। अपने प्रवचनों में संतों ने कहा कि गुरु केवल देह नहीं बल्कि वह चेतना हैं जो साधक के जीवन को दिशा देती है। महाराष्ट्र के पुणे और मुंबई राजस्थान उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को गुरु.भक्ति सेवा और समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बताया। लवलेश बाबा ने कहा कि षोडशी पर्व गुरु के तप त्याग और करुणा को स्मरण कर आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करता है। दिनभर भजन.कीर्तन सत्संग और गुरु.वंदना का क्रम चलता रहा जिससे विंध्य की वादियां भी भक्ति.रस में सराबोर प्रतीत हुईं।

### जब पहुंचे स्वामी आडगड़ानंद महाराज

दोपहर करीब 12 .45 बजे जब पूज्य परमहंस सद्गुरुदेव स्वामी आडगड़ानंद महाराज का हेलीकॉप्टर आकाश में दिखाई दियाए तो भक्तों में उल्लास की लहर दौड़ गई। हजारों श्रद्धालु उनकी एक झलक पाने के लिए पागलों की तरह दौड़े। भारी भीड़ के बीच स्वामीजी समाधि स्थल पहुंचे और पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न किया। उनकी दिव्य उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और भक्तजन उनकी अमृतवाणी सुनने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा करते रहे। बाद में स्वामीजी के श्रीमुख से अमृतवाणी का श्रवण प्राप्त कर भक्तों के हृदय आनंद से भर उठे। यह महापर्व न केवल सद्गुरुदेव की अनंत समाधि की स्मृति में एक आस्था की पुष्पांजलि थाए बल्कि भक्ति के उस अमर रस का साक्षात्कार भी जो धारकुंडी आश्रम को सदैव जीवंत रखता है।

### संतों की विधिवत विदाई

षोडशी महापर्व के अवसर पर विभिन्न गुरु आश्रमों से पधारे पूज्य संतों की विधिवत विदाई की गईए जिसने कार्यक्रम को और अधिक दिव्य बना दिया। चित्रकूट से पधारे युवराज स्वामी ने भी धारकुंडी पहुंचकर समाधि दर्शन किए और भक्ति की इस महासभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सद्गुरुधाम धारकुंडी में भक्ति का ऐसा उल्लास छाया कि भक्तजन गुरुदेव की स्मृति में पूरी तरह डूब गए। यह दृश्य देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं भगवान की कृपा यहां वर्षा हो रही हो।

# राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज मऊगंज आएंगे



नवभारत न्यूज

**रीव, 24 फरवरी, राज्यपाल मंगुभाई पटेल 25 फरवरी को मऊगंज आएंगे. राज्यपाल 25 फरवरी को शहडोल से दोपहर 2 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे सलैया मऊगंज पहुंचेंगे.**

श्री पटेल ग्राम सलैया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 4.15 बजे हेलीकाप्टर द्वारा परसिली सीधी के लिए प्रस्थान करेंगे. श्री पटेल शाम 5.20 बजे परसिली रिसॉर्ट पहुंचकर वहाँ रात्रि विश्राम करेंगे. राज्यपाल 26 फरवरी को सुबह 10.40 बजे ग्राम परसिली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 1.30 बजे हेलीकाप्टर द्वारा जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे.

### तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



राज्यपाल मंगुभाई पटेल 25 फरवरी को मऊगंज जिले के सलैया ग्राम का भ्रमण करेंगे . राज्यपाल के आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं . कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सलैया गांव पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया . उन्होंने आदि सेवा केन्द्र एवं अन्य स्थानों में पहुंचकर राज्यपाल जी की आगमन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये .

## साधू के भेष में महिला से 10 लाख की ठगी


**रीवा, 24 फरवरी,** रीवा जिले के गुढ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौडियार में साधू के भेष में आए दो लोगों ने महिला को ठगी का शिकार बनाया है और तकरीबन 10 लाख रुपए के सोने के जेवरात लेकर आरोपी फरार हो गए. महिला ने घटना की शिकायत गुढ़ थाने में दर्ज कराई है. घटना के संबंध में पीड़िता रेनू कुशवाहा पति रामजी कुशवाहा निवासी ग्राम चौड़ियार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिवस सोमवार 23/2/026 को समय लगभग शाम 3-4 बजे हमारे यहां साधू के भेष में दो लोग आए हुए थे. जिन्होंने उनके घर के संबंध में पहले तो सही जानकारी दी और उसके बाद पूजा पाठ का लालच देकर चावल के पांच दाने मंगवाए महिला ने बताया कि दोनों साधुओं ने चावल के पांच दानों को भंडार गृह में ले जाकर रखने को कहा महिला ने बताया कि वह चावल के दाने ले जाकर भंडार गृह में रख दी.

# बेरोजगार युवक चढ़ा मोबाइल टावर पर सैलरी, पीएफ में हेरफेर के आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 फरवरी। जिले में प्रशासन और कंपनी प्रबंधन पर आए दिन वर्करो द्वारा शोषण करने के आरोप लगते रहे हैं। अब बरगवां थाना क्षेत्र के खरखटा गांव में एक बेरोजगार युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी दी।**

युवक का आरोप है कि एनसीएल के ब्लॉक-बी में ठेका व्यवस्था के तहत काम करने के दौरान क्लाउड टेक कंपनी ने उसका एटीएम और पासबुक अपने पास रखकर वेतन में हेरफेर की, जबकि पीएफ राशि में भी गड़बड़ी की गई। बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से आक्रोशित होकर उसने यह कदम उठाया। पीड़ित विजय कुमार पनिका के अनुसार नौकरी दिलाने के नाम पर कंपनी से जुड़े लोगों ने शुरुआत में ही उसके बैंक दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। मोबाइल मैसेज में हर माह करीब 20 हजार रुपये वेतन आने की सूचना मिलती रही, लेकिन खाते से रकम निकालकर उसे मात्र 10 हजार 500 रुपये दिए जाते थे। इतना ही नहीं उसके पीएफ खाते में किसी अन्य व्यक्ति का विवरण जोड़ दिया गया। विजय का कहना है कि उसने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन और जनसुनवाई में की, यहां तक कि गौरव बैनल से भी गुहार लगाई, लेकिन समाधान के बजाय उसे नोटिस देकर नौकरी से बाहर कर दिया गया। घटना के दिन सुबह से ही युवक टावर पर चढ़ा रहा और वीडियो जारी कर अपने गांव को आखिरी बार दिखाने की बात कही। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और उसे समझाने की कोशिशें शुरू की गईं। स्थानीय पुलिस का कहना है कि संबंधित कंपनी के अधिकारियों को भी बुलाया गया है, ताकि युवक की शिकायतों पर तत्काल बातचीत कर समाधान निकाला जा सके। हालांकि क्षेत्र में यह चर्चा तेज है कि यदि समय रहते वेतन और पीएफ से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच होती, तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती। इस घटना ने जिले में ठेका श्रमिकों की सुरक्षा, वेतन भुगतान की पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही पर बहस छेड़ दी है।



### जिले में बढ़ रही टावर में चढ़ने की घटनाएं

श्रमिक संगठनों का आरोप है कि ठेका कंपनियां बैंक दस्तावेज अपने पास रखकर भुगतान प्रक्रिया को अपारदर्शी बनाती हैं, जिससे कर्मचारियों को वास्तविक वेतन का पता नहीं चल पाता। वहीं, पीएफ में कथित गड़बड़ी ने श्रम कानूनों के पालन पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। हाल के महीनों में सिंगरौली में टावर पर चढ़कर विरोध दर्ज कराने की घटनाएं बढ़ी हैं, जो व्यवस्था पर अविश्वास का संकेत मानी जा रही हैं। प्रशासन ने मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है, लेकिन सवाल वही है, क्या पीड़ित को न्याय मिलेगा या यह घटना भी आश्वासनों के बीच दब जाएगी।





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Singroli: Waidhan JAISWAL BAJAJ 7354131415 • Satna: FOUZDAR BAJAJ 8109073002, 9399480294, 9425173001, AA Autorider: 9098500556 9098500557 • Rewa UPPAL BAJAJ 408300 9301991092 9424822015 • Sidhi 9303942425, 6269279293.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99